**भारत सरकार**

**कोयला मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1391**

**जिसका उत्तर 27 नवम्बर, 2019 को दिया जाना है**

## गैर–कोकिंग धोवनशाला

**1391. श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः**
**श्री विनायक भाऊराव राऊतः**
**श्री डी॰एन॰वी॰ सेंथिलकमार एस॰ः**
**श्री हेमन्त पाटिलः**

क्या **कोयला मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोल इंडिया लिमिटेड और निजी क्षेत्र की मौजूदा गैर–कोकिंग कोयला धोवनशालाओं की संख्या कितनी है और इनकी कुल क्षमता का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उनकी विद्यमान धोवन क्षमताओं का उपयोग इष्टतम क्षमता से कम है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने मौजूदा क्षमता का इष्टतम उपयोग करने के लिए कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या कोल इंडिया लिमिटेड का आने वाले वर्षों में और अधिक धोवनशालाएं स्थापित करने का विचार है; और

(च) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**<u>संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री</u>**

**(श्री प्रल्हाद जोशी)**

**(क,ख,ग एवं घ) :** वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) में 16.22 एमटीवाई की कुल क्षमता वाली 4 नॉन-कोकिंग वॉशरी और निजी क्षेत्र में 100.47 एमटीवाई की कुल क्षमता वाली 18 नॉन-कोकिंग वॉशरी काम कर रही थीं। निजी क्षेत्र की नॉन-कोकिंग वॉशरी का इस्तेमाल मुख्य रूप से सीआईएल की लिंकेज वाले उपभोक्ताओं द्वारा किया जाता है। क्षमता, रॉ कोल फीड, उत्पादित वॉश कोल का विवरण निम्नानुसार है:

| **क्षेत्र-निजी** | | | | (मिलियन टन में) | |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रकार** | **मालिक कंपनी** | **वॉशरी का नाम** | **क्षमता (एमटीपीए)** | **वि.व. 2018-19** | |
| | | | | रॉ कोल फीड | वॉश्ड कोल |
| ख) नॉन-कोकिंग | अडानी इंटरप्राइजेस लि. | एईएल | 15.00 | 15.00 | 11.98 |
| | आर्यन कोल बेनेफिशिएशन (इंडिया) लि. | चाकाबुरा | 7.50 | 2.63 | 2.21 |
| | | दिपका | 14.00 | 9.79 | 7.93 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पंडेरपौनी | 2.62 | 0.00 | 0.00 |
| | | गेवरा | 6.25 | 3.61 | 3.02 |
| | | बिनझारी | 4.80 | 0.60 | 0.52 |
| | | हेमगिर | 5.00 | 0.00 | 0.00 |
| | आर्यन एनर्जी प्रा.लि. | तालचेर | 2.34 | 1.41 | 1.12 |
| | ग्लोबल कोल एंड माइनिंग प्रा.लि. | आई बी वैली | 3.50 | 1.77 | 1.24 |
| | | रामागुंडम | 1.00 | 0.58 | 0.39 |
| | | तालचेर | 4.00 | 2.11 | 1.47 |
| | | मनुगुरू | 0.96 | 0.76 | 0.29 |
| | जिंदल पावर लि. | जेपीएल | 4.75 | 0.08 | 0.07 |
| | कार्तिकेय कोल वॉशरी प्रा.लि. | वानी | 2.50 | 0.14 | 0.10 |
| | स्पेक्ट्रम कोल एंड पावर लि. | रतिजा | 11.00 | 8.72 | 7.11 |
| | | तालचेर | 9.52 | 3.71 | 2.73 |
| | मारुति क्लीन कोल | | 3.33 | 0 | 0 |
| | गुप्ता कोलफील्ड एंड वॉशरी लि. | रामागुंडम | 2.40 | 0 | 0 |
| **कुल प्रा. नॉन-कोकिंग** | | | 100.47 | **50.91** | **40.17** |

**सीआईएल** (मिलियन टन में)

| मालिक कंपनी | वॉशरी का नाम | **क्षमता (एमटीपीए)** | वि.व. 2018-19 | |
|---|---|---|---|---|
| | | | रॉ कोल फीड | वॉश्ड कोल |
| सेंट्रल कोलफील्ड्स लि. | गिडी | 2.50 | 0.173 | 0.088 |
| | पिपरवार | 6.50 | 6.469 | 6.430 |
| | करगली | 2.72 | 0 | 0 |
| नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लि. | बीना डिशेलिंग प्लांट | 4.50 | 3.525 | 2.942 |
| **कुल** | | **16.22** | **10.167** | **9.460** |

वॉशरी की क्षमता का इस्तेमाल संयंत्र की दक्षता, बाजार मांग, कोयले की उपलब्धता, वॉशिंग की लागत आदि जैसे विभिन्न कारकों, जो मुख्यत: ऐसे कारोबारी निर्णय होते हैं जिन्हें संबंधित ऑपरेटर/कोयला कंपनी/संबंधित उपभोक्ता द्वारा लिया जाना होता है, पर निर्भर करता है।

**(ड.) तथा (च):** सीआईएल का 59 एमटीपीए की संयुक्त क्षमता वाले 7 और नॉन-कोकिंग वॉशरी की स्थापना का प्रस्ताव है। इनमें से एक वॉशरी का निर्माण आरंभ हो चुका है। कोयला मंत्रालय ने वॉशरी के निर्माण की प्रगति पर निगरानी रखने के लिए एक अंतर मंत्रालयी समिति का गठन किया है।

*****